RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 01

हिसार | बुधवार, 3 अप्रैल, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ 6










# ईडी के पास सबूत नहीं, चुनाव से पहले पार्टी को ध्वस्त करने की कोशिश, कोर्ट में केजरीवाल की हिरासत पर जबरदस्त बहस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतरिम राहत के लिए अपनी याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि अब समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी का उद्देश्य लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी को खत्म करना था। अपनी याचिका में अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी, न्यायिक हिरासत को चुनौती दी है और अंतरिम राहत भी मांगी है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ को बताया कि आप प्रमुख की गिरफ्तारी का समय संदिग्ध है, क्योंकि यह आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद हुआ।

ईडी द्वारा मेरे आवास पर भी धारा 50 के तहत मेरा बयान दर्ज करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। महत्वपूर्ण पहलू है, आवश्यकता, गिरफ्तारी का औचित्य... इस तथ्य के अलावा, गिरफ्तारी की आवश्यकता एक गुप्त उद्देश्य से है। केजरीवाल की ओर से सिंघवी ने दलील दी। केजरीवाल की याचिका के जवाब में ईडी ने मंगलवार को एक लंबा जवाब दाखिल करते हुए दावा किया कि आप सुप्रीमो शराब नीति घोटाले के सरगना और मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के दोषी प्रमुख साजिशकर्ता हैं। इसमें यह भी कहा गया कि जब केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष हिरासत का विरोध नहीं किया तो उन्होंने अपनी गिरफ्तारी पर सवाल उठाने का अधिकार छोड़ दिया।

संघीय जांच एजेंसी पर पलटवार करते हुए सिंघवी ने कहा कि ईडी का कहना है कि क्योंकि आरोपी ने कहा कि वह हिरासत का विरोध नहीं कर रहा है, इसलिए उसकी याचिका निरर्थक है। यह अनसुना है। मैंने उस मामले में एक सप्ताह पहले बहस की थी। इसलिए, माना जाता है कि आरोपी ने हिरासत का विरोध नहीं किया है।

## दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, भाजपा ने भेजा मानहानि का नोटिस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा है और उनके इस दावे के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है कि भगवा पार्टी ने एक 'बहुत करीबी' व्यक्ति के माध्यम से उनसे इसमें शामिल होने के लिए संपर्क किया था। बुधवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में, दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा गया है, जिसमें उनके दावे के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की गई है। भाजपा नेता ने कहा ति आतिशी इस बात का सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कैसे और कब संपर्क किया। आम आदमी पार्टी दिल्ली में संकट के दौर से गुजर रही है, इसलिए हताशा में ऐसे बेबुनियाद आरोप लगा रही है। लेकिन हम उसे इससे दूर नहीं जाने देंगे। सचदेवा प्रमुख ने आतिशी को अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन एक जांच एजेंसी को सौंपने के लिए कहा। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि खुद सहित आप के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा, उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने एक 'बहुत करीबी' व्यक्ति के माध्यम से उनसे इसमें शामिल होने के लिए संपर्क किया था या एक महीने के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहें। आतिशी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दावा किया कि उन्हें, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को गिरफ्तार किया जाएगा।

# लाखों मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता : डॉ. आशा खेदड़

### *प्रत्याशी रणजीत बोले, कार्यकर्ताओं की मेहनत पर पूरा भरोसा*

### पार्टी प्रत्याशी के कार्यालय में चुनाव प्रबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी ने हिसार से प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला की चुनावी गतिविधियों को तेजी देनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्रत्याशी रणजीत सिंह के चुनाव कार्यालय सुशीला भवन में चुनाव प्रबंधन कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने हमें प्रत्याशी दे दिया है। हमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों व इस चुनाव में लाखों मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समय-समय पर पार्टी की ओर से आने वाले निर्देशों से अपडेट रहें और सबसे पहले प्रत्याशी घोषित होने का फायदा उठाते हुए जीत को बड़ा करने के लिए काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी रणजीत सिंह ने कहा कि भाजपा की चुनावी रणनीति को देखते हुए हमारी जीत में कोई संदेह नहीं है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत पर हमें विश्वास है और हर कार्यकर्ता रणजीत सिंह को सामने देखकर नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखने के लिए मेहनत करेगा, जिसका सुखद परिणाम अवश्य आएगा। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में उपरोक्त के अलावा लोकसभा संयोजक रवि सैनी, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, रणधीर सिंह पनिहार, धर्मवीर रतेरिया, प्रवीन बंसल, जगदीश जिंदल, साधुराम जाखड़, वेद नारंग, अशोक सैनी, संजीव रेवड़ी, चेयरमैन सोनू सिहाग व पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने भी विचार रखे। उपरोक्त के अलावा मनदीप मलिक, रणधीर सिंह धीरू, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, अशोक मित्तल, रामचंद्र गुप्ता, सुरेश धूपवाला, कुलदीप डेलू, राजकुमार इंदौरा, मुनीष ऐलावादी, विक्रम कासनिया, कपूर सिंह बेनीवाल, प्रमिला पूनिया, महेंद्र सिंह पानू, अनिल गोदारा, प्रवीण सैनी, सरोज सिहाग, सुनीता रेड्डू, प्रोमिला पूनिया धतरवाल, अमर पातड, प्रवीण जैन सहित अन्य चुनाव प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आजाद सिंह हिन्दुस्तानी भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** जिले के गांव डोभी के सरपंच एवं हाल ही में भाजपा में शामिल हुए युवा नेता आजाद सिंह हिन्दुस्तानी को भाजपा युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए पार्टी ने आदमपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेवारी दी है। अपनी नियुक्ति पर आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने पार्टी संगठन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए वे पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रभारी राहुल राणा, जिला अध्यक्ष हर्ष बामल व जिला प्रभारी जवाहर सैनी का आभार जताया है।

# सैक्टर-13 की खस्ता हाल सड़कों की मुरम्मत को लेकर निगम अधिकारियों से मिले हिसार संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण

### *अधिकारियों ने एक-दो दिन में सड़कों को दुरुस्त करने का दिया आश्वासन*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण आज समिति के साथियों के साथ नगर निगम के अधिकारियों से मिले। उन्होंने निगम अधिकारियों के समक्ष सैक्टर-13 की खस्ता हाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए इन्हें तुरंत रिपेयर करने की मांग उठाई। श्योराण ने बताया कि सैक्टर-13 में सभी सड़कों की हालत बेहद खस्ता है और रोड में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इससे सैक्टरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क टूटी होने से वाहनों को तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जितेंद्र श्योराण ने इतने लंबे समय से निगम अधिकारियों से सैक्टर-13 की सड़कें रिपेयर नहीं होने का कोई विशेष कारण भी जानना चाहा। इस पर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की सभी सड़कों को बनाने का कॉन्ट्रैक्ट एक ही एजेंसी के पास है और इस समय एजेंसी शहर के किसी दूसरे हिस्से में काम कर रही है। इसी वजह से सैक्टर-13 की सड़कों की रिपेयर में थोड़ा समय लग गया। अधिकारियों ने बताया कि सैक्टर में सड़कों की मीलिंग कल या परसों में शुरू हो जाएगी और नई सड़क बनाने का काम शनिवार तक शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि सैक्टर की सड़कों के निर्माण का वर्क आर्डर फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में ही अलॉट हो गया था जिसे तत्कालीन नगर निकाय मंत्री ने भी मीडिया में बयान जारी कर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा निर्देश भी दिए थे।

वहीं जितेंद्र श्योराण ने कहा कि वार्ड-14 के एक नेता जी जो 4 साल तक जजपा पार्टी में मलाई खाते रहे और अब भाजपा में मलाई खा रहे हैं वे जब मीडिया में वार्ड-14 में सबसे अधिक काम होने का जिक्र आता है तो उसका क्रेडिट लेने के लिए तो लड्डू लेकर तुरंत पहुंच जाते हैं लेकिन सैक्टर-13 की सड़कें जो इतने लंबे समय से खस्ता हाल में है उनकी ओर उनका कोई ध्यान नहीं है। जो अपने घर के सामने के सड़क के गड्ढों को ठीक नहीं करवा सकता हो ऐसे नेताजी से लोग क्या उम्मीद कर सकते हैं। उक्त नेताजी केवल सरकार में मलाई खाने की बजाय वार्ड के प्रतिनिधि होने के नाते सड़कों व सैक्टरवासियों की समस्याओं की ओर भी ध्यान दें।

जितेन्द्र श्योराण ने निगम अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि मानसून से पहले सैक्टर-13 सहित पूरे शहर की सड़कों को पूरी तरह से ठीक किया जाए। उन्होंने चेताते हुए कहा कि यदि एक-दो दिन में ही सैक्टर-13 की सड़कों की मुरम्मत शुरू नहीं हुई तो हिसार संघर्ष समिति सैक्टरवासियों के साथ धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाएगी जिसकी पूरी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जितेंद्र श्योराण के साथ समिति सदस्य सुरेंद्र सोनी, मनविंदर सेठी व जयभगवान ग्रेवाल आदि भी मौजूद रहे।









# नेताओं को विवादास्पद बयानबाजियों से बचना चाहिए : संजीव कौशिक



***पाठकपक्ष न्यूज***

***हिसार, 3 अप्रैल :*** *चुनावों के दौरान नेताओं को विवादास्पद व बेतुकी बयानबाजियों से बचना चाहिए। नेता जनता के प्रतिनिधि होते हैं और एक जन प्रतिनिधि ही यदि संयमित भाषा का इस्तेमाल नहीं करता है तो जनता में उसका गलत प्रभाव जाता है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कौशिक ने रणजीत सिंह चौटाला द्वारा पहले ब्राह्मण समाज के प्रति दिए गए बयान व बाद में काफी मांगे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। संजीव कौशिक ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव ही 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की कामना की है और सर्व समाज के कल्याण के लिए सदैव अग्रणीय समाज रहा है। ब्राह्मणों ने समाज को हमेशा सही रास्ता दिखाया है तथा उसके उत्थान में पूर्ण योगदान दिया है और सदा सभी के मंगल की कामना की है। रणजीत सिंह चौटाला ने समाज के प्रति कही गई बातों के लिए हिसार की ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के लोगों के बीच जाकर माफी मांगी है यह हमारी सामाजिक समरसता को दर्शाता है और अच्छी बात है। ब्राह्मण समाज को भी अब इसे अधिक तूल न देते हुए मामले को शांत करने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर संजीव कौशिक के साथ राजेंद्र शर्मा, प्रदीप कौशिक, संदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सत्यम, सुनील शर्मा, सतीश शर्मा व उमेद शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।*

# सम्पादकीय..........

## आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित हो...

*स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जो कुछ कहा है, उसके गहरे निहितार्थ हैं और इसे व्यक्ति या संस्थान विशेष के मामले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने दोटूक कहा है कि 'न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट, बल्कि देश के किसी भी न्यायालय ने यदि कोई आदेश पारित किया है, तो उसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।' अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार के यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है! निस्संदेह, भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर में साख है और यह प्रतिष्ठा उसने एक- दो महीने या साल में नहीं अर्जित की है, यह इंसाफ के प्रति उसकी दशकों की प्रतिबद्धता का फलितार्थ है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अपने आदेश की नाफरमानी को उचित ही गंभीरता से लिया है। स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की शीर्ष अदालत में सशरीर उपस्थिति और उनके माफीनामे पर अदालत की प्रतिकूल टिप्पणी इस बात की तस्दीक करती है। अदालत ने अगली सुनवाई में भी इन दोनों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है। दरअसल, भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर जो टिप्पणी की है, वह भी सत्ता-प्रतिष्ठानों को आईना दिखाने के लिए काफी है। विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है, वह अपने पेशेवरों के आचरण की निगरानी का कोई अचूक तंत्र अब तक विकसित नहीं कर पाया है! सोशल मीडिया में हर कुछ दिन पर चिकित्सकों की लापरवाही या मरीजों से मार-पीट के वीडियो वायरल होते रहते हैं। आईएमए कितनों के खिलाफ कार्रवाई करता है? आईएमए को इस पहलू पर भी चिंता करनी चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। अभी कितने दिन हुए होंगे, जब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? अभी तीन दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। सत्यापित दवाओं के विज्ञापन से किसी को क्या गुरेज हो सकता है? इससे न सिर्फ आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली की प्रतिष्ठा दुनिया भर में बढ़ेगी, बल्कि निरीह मरीजों को किसी छलावे का शिकार बनने से भी बचाया जा सकेगा।*

# ऐसे व्यक्ति के लिए ईश्वर स्वयं खोलते हैं स्वर्ग के दरवाजे

**अध्यात्म**

सदाचार, यानी उत्तम व्यवहार की सराहना विश्वभर के दार्शनिकों ने की है। सभी धर्मों में इसे मान्यता दी जाती है। यह धर्म, नीति वगैरह की दृष्टि से किया जाने वाला अच्छा और शुभ आचरण है। आम भाषा में इसे अच्छे चाल-चलन से समझ सकते हैं। शिष्ट व्यवहार का गुण धारण करने वाला व्यक्ति सर्वत्र सम्मान पाता है। हमारे देश के ऐसे अनेक व्यक्तियों ने पूरे विश्व के सम्मुख सदाचार का आदर्श स्थापित किया और सम्मान पाया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, बुद्ध, स्वामी दयानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे अनेक उदाहरण हैं।

जो व्यक्ति धर्म और सात्विक व्यवहार पर अटल रहता है, प्रत्येक प्राणी से प्रेम करता है, उसके लिए ईश्वर स्वयं अपने राज्य का दरवाजा खोलते हैं। सात्विक व्यवहार वाला व्यक्ति धर्मपरायण होता है। ऐसा व्यक्ति काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह जैसे महाबली शत्रुओं से दूर रहता है। ऐसा व्यक्ति हिंसा, घृणा, ईर्ष्या और सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहता है। उत्तम व्यवहार की शक्ति को पहचानिए। इसमें गजब का सम्मोहन होता है। दुनिया के अधिकतर व्यक्ति उसकी तरफ खिंचे चले आते हैं। वैसे तो ऐसे व्यक्ति का कोई दुश्मन होता ही नहीं, अगर होता भी है तो वह अपने व्यवहार से उसे अपना मित्र बना लेता है। ऐसे व्यक्ति प्रेम, दानशीलता और उदारता को स्थायी शांति और संतोष प्राप्त करने का साधन मानते हैं। सदवृत्ति वाला व्यक्ति सबसे प्रेम करता है और अपने पड़ोसी के भी दुख से दुखी और सुख से सुखी होता है। यही उसके लिए स्वर्ग समान होता है। ऐसा व्यक्ति मानता है कि स्वर्ग, यानी कि ईश्वर का राज्य हर मानव के अंदर है। बाहर उसकी खोज करना समय गंवाने जैसा है। अपनी आय का कुछ अंश वंचितों और जरूरतमंदों को देने में उन्हें आनंद की अनुभूति होती है। ऐसा करते हुए उन्हें ऐसा लगता है कि वे स्वर्ग में ही रह रहे हैं। ईसाई धर्म के अनुसार पारंपरिक रूप से सात स्वर्गीय सात्विक व्यवहार होते हैं। चार आधारभूत गुण- विवेक, न्याय, संयम, साहस से मिलकर बने होते हैं और तीन धार्मिक शिष्ट व्यवहार- विश्वास, आशा और दान-पुण्य इसमें शामिल हैं। ग्रीक दार्शनिक अरस्तु और प्लेटो के अनुसार उत्तम व्यवहार के चार वांछनीय चरित्र लक्षण- संयम, बुद्धिमत्ता, न्याय और साहस होते हैं। सैद्धांतिक रूप से अच्छा चाल-चलन व्यक्ति के अच्छे आचरण पर निर्भर करता है। यह मनुष्य की कोशिश से उपार्जित है। अच्छा और शुभ आचरण एक बच्चे के निश्छल व्यवहार के समान होता है। जब तक आप अपने अंदर निश्छल व्यवहार का भाव नहीं लाएंगे, तब तक प्रभु प्राप्ति संभव नहीं। सदाचार के अनुसार अहिंसा सर्वोपरि होती है। इसके अनुसार किसी की भी हत्या करना अधर्म है। जो कोई हत्या करेगा, उसे दैवीय कोप का शिकार बनना पड़ेगा। जो कोई अपने भाई या पड़ोसी पर क्रोध करेगा, उसे भी दैवीय प्रकोप सहना पड़ेगा। भगवद्गीता के अनुसार एक ही उत्तम व्यवहार होता है जो आत्मनियंत्रण की कुंजी या चाबी पकड़े हुए सैद्धांतिक और नैतिक आचरण करता है। यह व्यक्ति के मस्तिष्क को नियंत्रित करते हुए पूरे होश में प्रकाशित या प्रबुद्ध विचार करने वाला बनाता है। जो अपनी इच्छाशक्ति से अपनी इंद्रियों को नियंत्रित कर लेता है वह प्रशंसनीय होता है। ऐसा व्यक्ति विरक्ति के मार्ग पर चल निकलता है और ब्रह्म में लीन होने की कोशिश करता है।



**सुण मौल्लड़ की**

फतेहाबाद में बैलों से भरा ट्रक पकड़ा।

**बिना लोकल माणस की मदद के यो काम कोनी हो सकैं।**

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र को अनुभव का लाभ मिलेगा। राज्यपक्ष से अनुकूल लाभ की संभावना बढ़ेगी।

**वृषभ :** पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल मिलेगा। नए संपर्कों का लाभ होगा। बुजुर्गों के मार्गदर्शन से राह आसान होगी।

**मिथुन :** झूठा आरोप लगने का भय है। कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होने से मन में खिन्नता बढ़ेगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी। गाय माता की सेवा करें।

**कर्क :** व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। विपरीत लिंग का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह :** सावधानीपूर्वक कार्य करें। व्यर्थ के विवादों से दूरी बनाए रखें। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी रह सकती है। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कन्या :** बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा। योग्यता के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर लेंगे।

**तुला :** मन में उदासी बनी रहेगी। हीन भावना का शिकार हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** नौकरी में पदोन्नति संभव है। कार्यों में सफलता व यश प्राप्त होगा। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा।

**धनु :** मधुर वाणी से सबका दिल जीत लेंगे। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**मकर :** कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होंगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यक्तिगत संबंधों में मधुरता बढ़ने से खुशी होगी।

**कुंभ :** मन में तनाव बना रहेगा। उधार के लेन-देन से बचें। कोई नया कार्य आरंभ न करें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मीन :** यात्रा शुभ रहेगी। स्वजनों से उपहार मिल सकता है। भौतिक सुख-सुविधा में बढ़ौतरी होगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# अतृप्त इच्छाएं और दमित भावनाएं ही मनुष्य के तनाव का मुख्य कारण बनती है



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

हर मनुष्य अपने जीवन में सुख और शांति चाहता है, ऐसा हम सभी मानते भी हैं और इसके लिए प्रयास भी करते हैं, पर हम देखते हैं कि हर व्यक्ति जीवन किसी न किसी बात को लेकर तनाव में रहता ही है। तनाव का मुख्य कारण मनोचिकित्सकों के अनुसार, अपनी भावनाओं का दमन करने से कुंठा पैदा होती है जो कि तनाव को पैदा करती है। भावनाओं के शोषण से भी मनुष्य अपने आप को निसहाय महसूस करता है,या जब कोई हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाता है और हम भावनात्मक रूप से आहत हो जाते हैं तो वह भी जीवन में तनाव का बहुत बड़ा कारण बन जाता है। मनोवैज्ञानिक इस बात पर बल देते हैं कि भावनाओं का संरक्षण और पोषण ही मनुष्य को तनाव मुक्त बना सकता है, जिसे वो इमोशनल इंटेलिजेंस कहते हैं, मतलब अपनी भावनाओं को सही दिशा देना और उनका सकारात्मक तथा रचनात्मक प्रयोग कर पाना इसमें शामिल होता है। पर प्रश्न यह उठता है कि भावनाओं को समझा कैसे जाएं क्योंकि एक तो वह अवचेतन मन की उपज होती है, दूसरा उनका वेग इतना तीव्र होता है कि वे सब कुछ बहा कर ले जाती है,आप के मन और बुद्धि भी उन्हें सही दिशा नहीं दे पाते। इसके लिए गहन आत्म चिंतन की जरूरत होती है और उन्हें सही रास्ता मिले, इसके लिए मन में विवेक और वैराग्य का उचित समावेश होना लाजिमी होता है। चीन के प्रसिद्ध दार्शनिक लाओत्से ने एक दिन अपने शिष्य से कहा, 'तुम्हें पता है कि मैं अपने जीवन में कभी किसी से पराजित नहीं हुआ।' शिष्य को यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ और वह बोला, 'पर आप तो बहुत छोटे व दुर्बल शरीर के है, ऐसे में आपको कैसे कभी किसी ने नहीं हराया।' लाओत्से बोले, 'मैंने कभी जीतने की चाहत नहीं रखी। इसलिए हारने का प्रश्न ही नहीं उत्पन्न हुआ। संसार में सारी दौड़ पाने की है। इसलिए लोग खोने की सोच से परेशान हो जाते हैं। परंतु जो, भगवान ने दिया है,उसी से संतुष्ट हैं तो उसके मन को न तो कोई चिंता परेशान करती है और न कोई बेचैनी उद्विग्न करती है' शिष्य की समझ में आ गया कि अतृप्त कामनाएं ही मनुष्य के समस्त दुःख का कारण है और ये अतृप्त इच्छाएं ही उसे जीवन भर भगाएं रखती है और उसके सुख सुकून को छीन लेती है।किसी ने कितना सही कहा है, 'वक्त, ख्वाहिशें और सपने हाथ में बंधीं घड़ी की तरह है, जिन्हें हम उतार कर रख भी दें तो उनका चलना रुकता नहीं।' मतलब इच्छाएं पूरी हो जाएं तो लालच को जन्म देती है, अतृप्त रहे तो क्रोध का कारण बन जाती है।

**- डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

### कैसे बदला ज्योतिबा का जीवन

गोविंदराव का एक सपना था कि ज्योतिबा खूब पढ़े-लिखे। ज्योतिबा के गुरु विनायक राव जोशी चाहते थे कि आगे की पढ़ाई वह चर्च ऑफ स्कॉटलैंड मिशन के स्कूल में करे। 1833 में ज्योतिबा वहां पढ़ने भी लगे, मगर गोविंदराव के अनेक परिचितों को ज्योतिबा का अंग्रेजी पढ़ना पसंद नहीं था। उन्होंने गोविंदराव को ताने दे-देकर ज्योतिबा का स्कूल छुड़वा दिया। अब नौ साल के ज्योतिबा खेती में पिता का हाथ बंटाते। पिता-पुत्र दोनों ही खिन्न थे। दुखी तो सगुणाबाई भी थीं। उन्होंने ज्योतिबा को अपने पुत्र की तरह पाला था। वह जानती थीं कि गोविंदराव मुंशी गफ्फार बेग की बात नहीं टालते। उन्होंने जुगाड़ लगाया और अपनी इच्छा और भविष्य की चिंताएं किसी तरह मुंशी गफ्फारबेग तक पहुंचा दीं। मुंशी जी जब गोविंदराव के घर पहुंचे तो वह खेतों में गए थे। घर पर ज्योतिबा मिले तो उन्होंने पूछा, 'आगे पढ़ोगे?' ज्योतिबा बोले, 'यह भी कोई पूछने की बात है। बिलकुल पढ़ूंगा।' 'इसके लिए तुम्हें एक नाटक करना होगा!' और मुंशी जी ने ज्योतिबा के कान में पूरा नाटक बता दिया। अब ज्योतिबा खेतों में पहुंचे और पिता से बोले, 'दादा, अब मुझे अंग्रेजी स्कूल जाना है!' गोविंदराव ने पूछा, 'यह पाठ तुझे किसने पढ़ाया ज्योतिबा?' 'किसी और ने नहीं, मुंशी गफ्फार बेग ने कहा। देखो, मुंशी जी वहां खड़े हैं, उन्हीं से पूछ लो।' गोविंदराव ने देखा तो मुंशी गफ्फार बेग दूर खड़े हंस रहे थे। 'पर तू तो मराठी अच्छे से लिख लेता है।' पिता बोले। 'मगर मेरे साथ के सारे ब्राह्मण छात्र अंग्रेजी स्कूल में पढ़ते हैं। और मुझे अंग्रेजी इसलिए नहीं सीखनी कि नौकरी करनी है बल्कि इसलिए क्योंकि यही भविष्य की भाषा है।' पुत्र के तर्कों के सामने गोविंदराव निरुत्तर हो गए और आखिरकार ज्योतिबा को अंग्रेजी स्कूल में दाखिला मिल गया। बड़े होकर यही ज्योतिबा फुले आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणा स्रोत बने।



# भारत निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव 2024 में गलत सूचना से सक्रिय रूप से निपटने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'Myth vs Reality Register' किया लॉन्च

**एक क्लिक पर मिलेगी विश्वसनीय और प्रमाणित चुनाव संबंधी जानकारियां**

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 3 अप्रैल :** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आज आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'Myth vs Reality Register' लॉन्च किया है। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://mythvsreality.eci.gov.in/ पर जनता के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि यह पहल चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए ईसीआई के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विश्व स्तर पर कई लोकतांत्रिक देशों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार के बढ़ती चिंता को देखते हुए निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारी मिले।

उन्होंने बताया कि 'Myth vs Reality Register' चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिजाइन किया गया है, जो व्यापक रूप से ईवीएम/वीवीपीएटी, मतदाता सूची/मतदाता सेवाओं, चुनावों के संचालन और अन्य विषयों से संबंधित मिथक जानकारियों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है। यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संभावित मिथक जानकारियों, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए विभिन्न अनुभागों के तहत संदर्भ सामग्री प्रदान करता है। रजिस्टर को नियमित आधार पर अपडेट किया जाएगा।

सभी हितधारकों को किसी भी चैनल के माध्यम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध जानकारी को 'Myth vs Reality Register' में दी गई जानकारी से सत्यापित और पुष्टि करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग जानकारी को सत्यापित करने, गलत सूचना के प्रसार को रोकने, मिथक जानकारियों को दूर करने और आम चुनाव 2024 के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाएगा। उपयोगकर्ता रजिस्टर से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी जानकारी साझा कर सकते हैं।

*भारत माता मंदिर में श्रीराम कथा महोत्सव जारी, उमड़ने लगे श्रद्धालु*

# श्रीराम कथा का श्रवण करके सदकार्यों में मन लगाना चाहिए : कृष्णशरण शास्त्री महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 3 अप्रैल :** भारत माता मंदिर में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज ने भगवान की कथा श्रवण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चाहे भगवान श्रीराम की कथा हो श्रीकृष्ण की, हर कथा के श्रवण से मंगल होता है। कलियुग के पाप से मुक्ति मिलती है और सदमार्ग का द्वार खुलता है।

एमसी कॉलोनी के भारत माता मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में समाजसेवी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, पंकज संधीर, जितेंद्र सोनी, प्रवीन गुप्ता, संजीव चौहान, अनिल मेहता, कमल जयनाल, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, प्रवीन अरोड़ा, मधु शर्मा, इंदु गोयल, सरोज शर्मा, आचार्य संतोष शास्त्री व पंडित रामकिशोर शुक्ला सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कथा के दौरान पंडित श्री कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि कथा श्रवण करने से विवेक की प्राप्ति होती है और यह कथा भवसागर को पार करने के लिए नौका के समान है। इसलिए हमें श्रीराम कथा रुपी नौका में विराजमान होकर सदकार्यों में मन लगाना चाहिए। कृष्णशरण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व का अनुसरण करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि 6 अप्रैल तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज हर रोज दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक भगवान श्रीराम का गुणगान करेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनकल्याण के निमित हवन होगा और दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत माता मंदिर के केंद्र में स्थापित की गई भारत माता की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। भारत माता की प्रतिमा के बाईं ओर श्री गंगा माता एवं दाईं ओर श्री गऊ माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। भारत माता मंदिर में श्री दुर्गा माता, श्री श्याम बाबा, श्री राधा-कृष्ण, श्री राम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री पंचमुखी हनुमान व श्री सिद्धिविनायक गणेश के विग्रह की स्थापना की गई है।

# हरियाणा में करोड़ों रुपये की जमीन डील पर सवाल उठने लगे हैं

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 3 अप्रैल :** अंबाला की डिविजनल कमिश्नर आईएएस अधिकारी रेनू फुलिया द्वारा 21 साल पुरानी सेटलमेंट ट्रांसफर एंट्री (एसटीई) को रद्द करने से विवाद पैदा हो गया है क्योंकि करोड़ों की कीमत वाली जमीन बाद में उनके पति और बेटे ने खरीद ली थी। खुलासे के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है। समिति में दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शामिल हैं। रेनू फुलिया के पति सत्यवीर सिंह फुलिया वर्तमान में राज्य में सूचना आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार को जांच समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उनके साथ आईएएस अधिकारी टी.एल. सत्यप्रकाश को सदस्य नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, अधिशेष भूमि के मुद्दों के लिए उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) सुख राम और सेवानिवृत्त एचसीएस अधिकारी आर.के. राजस्व मामलों के विशेषज्ञ गर्ग समिति की सहायता करेंगे।

**मामले की पृष्ठभूमि**

बीड फिरोजपुर सहित सात गांवों में लगभग 1396 एकड़ में फैली भूमि, राजा भगवंत सिंह की थी। यह जमीन 1953 और 1972 के सरप्लस एक्ट के दायरे में थी। पूर्व आईएएस अधिकारी सुनील गुलाटी ने 2002 के दौरान अपने और अपनी बहन के नाम पर इस जमीन में से 14 एकड़ जमीन खरीदी थी। हालांकि, 2003 में तत्कालीन कलेक्टर एग्रीगेरियन ने सभी सात गांवों पर एसटीई लगा दिया था। जिसके परिणामस्वरूप भूमि का हस्तांतरण विफल हो गया।

## कठुआ में गैंगस्टर के साथ मुठभेड़ में पुलिस अधिकारी शहीद

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 3 अप्रैल :** पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सरकारी मेडिकल कॉलेज में गोलीबारी में एक गैंगस्टर को मार गिराया गया और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। कल शाम मेडिकल कॉलेज परिसर में बदमाशों के साथ मुठभेड़ में सब-इंस्पेक्टर दीपक शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी आज इलाज के दौरान मौत हो गई।

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN
BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town
Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# निर्वाचन आयोग ने लॉन्च किए छह ऐप, चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए होंगे मददगार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि लोकसभा चुनावों में नागरिकों के अधिकारों और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग ने 6 मोबाइल एप लॉन्च किए हैं, इन ऐप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किये जा सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप लॉन्च किया है। दरअसल, चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता फ्रेंडली कदम उठाए हैं। डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है, जिसके जरिये 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है, जिसमें चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। संपूर्ण चुनावी गतिविधियों के लिए कई एप बनाए गए हैं जिनमें से करीब पांच एप मतदाताओं व नागरिकों के लिए हैं। इसके अलावा विभिन्न चुनाव टीमों के लिए भी चुनाव आयोग द्वारा कई एप लॉन्च किए गए हैं जिनका इस्तेमाल किया जा रहा है।



**सी-विजिल एप :** सी-विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है। शिकायत प्राप्त होने के बाद उसका 100 मिनट के अंदर निस्तारण किया जाता है। निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण ऐप है।

**केवाईसी एप से देखें उम्मीदवार का नामांकन :** आम नागरिक नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए उम्मीदवार के बारे में तमाम जानकारियां प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए नामांकन पत्र को अपलोड किया जाता है, जिसे कोई भी आम नागरिक अपने मोबाइल पर देख सकता है। एप के माध्यम से उम्मीदवार के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शिक्षा व अन्य जानकारी हासिल की जा सकती हैं।

**दिव्यांगों के लिए सक्षम एप :** सक्षम एप विशेष योग्यजन नागरिकों की सुविधा के लिए है। इसके माध्यम से दिव्यांग पंजीकरण और संशोधन कर सकते हैं। इसके तहत व्हीलचेयर के लिए आवेदन, मतदाता सूची में नाम खोजने और बूथ की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**सुविधा एप से कैंडिडेट के लिए :** सुविधा ऐप के माध्यम से प्रत्याशी चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन नामांकन की सुविधा प्रदान की गई है। एप पर लॉगिन करने के बाद प्रत्याशी शपथ पत्र, प्रस्तावक की सूचना और नामांकन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुविधा कैंडिडेट एप उम्मीदवारों को उनके नामांकन और चुनाव प्रचार से संबंधित चाही गई अनुमति की स्थिति की जांच करने की सुविधा देता है.

**वोटर टर्नआउट से देखें मतदान प्रतिशत :** वोटर टर्नआउट ऐप के माध्यम से आमजन मतदान दिवस के दिन मतदान प्रतिशत देख सकते हैं। आयोग ने इस बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करने का लक्ष्य रखकर स्वीप गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**वोटर हेल्पलाइन एप :** वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम तथा पता में संशोधन करने, नाम हटाने, वोटर आईडी को आधार से लिंक करने, मतदाता सूची में नाम खोजने, मतदान केंद्र विवरण, ई-एपिक कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी। इस ऐप से नागरिक अपनी वोटर आईडी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।

## धिकताना के मिडल स्कूल में लगाया दंत जांच शिविर लगाया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** गांव धिकताना के गवर्नमैंट मिडल स्कूल में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को दांतों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व साफ-सफाई बारे में जागरुक किया गया। डॉ. स्वीटी डेंटल सर्जन पीएचसी धांसू ने बच्चों के दांतों की जांच की। साथ ही उन्हें मुंह व दांतों की देखभाल करने के तरीकों की जानकारी दी व बताया कि मौखिक स्वास्थ्य की देखभाल कर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इसके लिए कम चीनी वाले आहार का सेवन करना चाहिए। डॉ. स्वीटी ने बच्चों को हर रोज दो बार दांतों को ब्रश करने व बच्च्चों को संतुलित भोजन लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हमें वर्ष में दो बार दांतों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट आदि के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इनके सेवन से मुंह का कैंसर होता है।



## राजकीय महाविद्यालय की छात्रा प्रगति व श्रेयसी ने ग्रुप वेस्टर्न सॉन्ग में रहीं द्वितीय



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** 28 मार्च से 01 अप्रैल तक पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में आयोजित 37वें अंतर विश्व विद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की ओर से राजकीय महाविद्यालय की दो छात्राओं प्रगति व श्रेयसी ने ग्रुप वेस्टर्न सॉन्ग में भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. दीपमाला लोहान ने छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई दी। इस अवसर पर उपप्राचार्य कृष्ण कुमार, सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार बाजिया, डॉ. शशि बाला, डॉ. सुदेश शर्मा व डॉ. राजेंद्र सेवदा उपस्थित थे।

## दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट ने विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य ऑटिज्म के बारे में जानकारी प्रदान करना व ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों को सहयोग करने पर जोर दिया जाता है। ऑटिज्म बच्चों से संबंधित जानकारी व उनके सहयोग के लिए दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट, सेक्टर 15 ने विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, विशेष अध्यापक, मनोवैज्ञानिक व सामान्य लोगों ने भाग लिया । सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए व एक दूसरे से ऑटिज्म से संबंधित जानकारी प्रदान की। सभी विशेषज्ञों ने बताया कि ऑटिज्म की समय रहते पहचान कर ली जाए तो इनका जीवन व व्यवहार दोनों ही सामान्य हो सकता है । इन बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करने में भी उनकी मदद की जा सकती है। विशेषज्ञों के साथ-साथ अभिभावक को भी सही निर्देशन में कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का संचालन केंद्र संचालक सुखबीर सिंह नैन ने किया व इस कार्यक्रम में विकास विशेष अध्यापक, रविंद्र व अमनदीप मनोवैज्ञानिक, जितेंद्र शर्मा, गुरमीत सिंह, अभिभावक व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

# भावी पीढ़ियों को रसायन मुक्त भोजन उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : प्रो. बीआर काम्बोज

### हकृवि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस मीटिंग की अध्यक्षता की। इस मीटिंग में प्रबंधन मंडल के भूतपूर्व सदस्य सी.पी. आहुजा, शरद बतरा व शिवांग बतरा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती कर रहे विभिन्न जिलों के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने आधुनिक युग में प्राकृतिक खेती के विस्तार से लेकर उसकी महत्वता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों की समस्याओं को जानकर उनका हल करना व शोध कार्यों को उनके अनुरूप बनाना है। कुलपति ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए उपभोक्ताओं से सामंजस्य व सीधे तौर पर जुड़कर आपस में विश्वास पैदा करना जरूरी है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से पाठ्यक्रम बनाना, अधिक से अधिक प्रशिक्षणों का आयोजन व कृषक समुदाय द्वारा तैयार किए गए कृषि मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाने पर जोर दिया। प्राकृतिक खेती कर रहे किसान व्हाट्सेप ग्रुप बनाए जिसमें वे अपनी समस्याएं व समाधान शेयर करें ताकि उसका तुरन्त एक दूसरे को लाभ पंहुच सके, साथ ही आपस में तकनीकों का भी आदान-प्रदान हो।



उन्होंने बताया कि भावी पीढ़ियों को रसायन मुक्त व पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना वैज्ञानिकों व किसानों की मुख्य प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने कहा कि किसान शुरूआत में कम जगह पर प्राकृतिक खेती को अपनाए और धीरे-धीरे उसका क्षेत्रफल बढ़ाते जाएं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया वे आधुनिक युग में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जब भी शोध करें तो विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों, पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता, श्रमिकों की उपलब्धता, वर्षा, जमीन का आर्गेनिक कार्बन, खरपतवार, पूरे साल का फसल चक्र, कीट तथा बीमारियों के प्रबंधन संबंधित बातों पर मंथन जरूर करें।

हकृवि में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने विभिन्न विषयों पर चल रहे प्रयोगों के बारे में जानकारियां साझा की। साथ ही किसानों के सवालों के जवाब भी दिए। प्राकृतिक खेती के तहत विभिन्न फलों एवं सब्जियों पर शोध किए जा रहे हैं। अनुसंधानों के उचित परिणामों को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे वे प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए अधिक से अधिक जागरूक हो। संगोष्ठी में किसानों का यह मत था कि प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए।

इस अवसर पर अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. राजेश कुमार गेरा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य सहित सहायक निदेशक डॉ. सुरेन्द्र यादव, संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुमित देशवाल, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. किशोर कुमार, डॉ. दीपिका, मंजीत सहित प्रगतिशील किसान जिनमें सुधीर महता, सुभाष बेनीवाल, कमल वीर, पंकज माचरा, मुल्कराज चावला, अमनदीप, वीरेन्द्र कुमार, कृष्ण, दलजीत सिंह, गौरव तनेजा, मुकेश कंबोज, आशीष महता, डॉ. बलविंदर सिंह, संजय व दिलेर भी उपस्थित रहे।

## मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल खुला, करवाएं फसलों का पंजीकरण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि रबी फसलों की लावणी के साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फिलहाल कपास की बिजाई का समय शुरू होने वाला है। ऐसे में जो किसान खेतों में कपास की बुवाई करना चाहते हैं तो वे अपने खेतों में रखी हुई सारी बनछटियां उठाने उपरांत शेष नीचे बचे हुए कचरे को गड्ढे में दबाएं। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में गुलाबी सुंडी के प्रति बीटी कपास का प्रतिरोधक बीज उपलब्ध नहीं है। 3जी 4जी एवं 5जी के नाम से आने वाले बीजों से सावधान रहें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सरकार द्वारा गत वर्षों का बीमा क्लेम दिया गया है। इसमें यदि कोई भी व्यक्ति अपने आपको विभाग का बताकर उप कृषि निदेशक या अन्य वरिष्ठ कृषि अधिकारी के नाम पर पैसे मांगता है तो उनके झांसे में न आएं। ऐसे व्यक्ति की जानकारी विभाग या पुलिस प्रशासन को दें।

## हर गरीब तक पहुंच रहा है केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ : रणधीर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 3 अप्रैल :** वार्ड नंबर 12 में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों एक बैठक रितेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू का अभिंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों और पिछड़ा समाज के लोगों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं शुरू कर एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए काम किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के चलते भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं देश में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। बैठक में भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक केपी गुप्ता ने रितेश कुमार को भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक नियुक्त किया।

# कितनी भी कोशिश कर लो जीत तो सत्य की होती है : सैलजा

### *पूर्व केंद्रीय मंत्री बोलीं- न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भ्रष्ट भाजपा का सपना टूटा*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़ 3 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सत्य की जीत ने एक बार फिर अपनी अटल उपस्थिति दर्ज की है। न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णायक आदेश के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव तक कांग्रेस के बैंक खातों पर लगी रोक हटा दी जाए। इससे साफ़ पता चलता है कि जितनी भी कोशिश कर लो आखिर में सच ही जीतता है। इस फैसले से भ्रष्ट भाजपा का ये सपना भी टूट गया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को चुनाव लडने से रोक दिया जाए लेकिन न्याय की ताकत ने दिखाया कि सच्चाई का रास्ता हमेशा खुला रहता है।



कुमारी सैलजा ने कहा है कि विरोधी ताकतें जो लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश में थीं, उन्हें यह समझना होगा कि लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इन कुत्सित प्रयासों से उनका बाल भी बांका नहीं होने वाला। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए एक सबक है कि जनता की ताकत के आगे उनकी राजनीतिक चालबाजियां नहीं चलेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दबाने के लिए भाजपा सरकार कोई भी कदम उठाने से पीछे नहीं हट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो और भारत न्याय यात्रा से देश की जनता सरकार के खिलाफ एकजुट हुई है जनता को पता है कि भाजपा ने देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, बेरोजगारी, महंगाई के सिवाय कुछ नहीं दिया। तानाशाह सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर अपने विरोधियों की आवाज दबाना चाहती है। सरकार का इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा विश्वास है। न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भ्रष्ट भाजपा का सपना टूट चुका है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में पंजाब की सीमा पर प्रदर्शनकारी किसान शुभकरण सिंह की मौत की न्यायिक जांच से हरियाणा सरकार दूर भागना चाहती थी, यहीं वजह रही कि हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए रोक लगाने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि सेवानिवृत जज की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा मामले की निगरानी से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर वह सही है तो मामले की न्यायिक जांच से दूर क्यों भाग रही है। उन्होंने कहा कि इस देश की न्यायपालिका के कारण ही लोगों के अधिकार सुरक्षित है, इस तानाशाह सरकार ने जनता के शोषण और उत्पीड़न में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।



# गुणों से भरपूर खजूर

## मोटापा कम करने में है लाभदायक



**इम्यूनिटी बढ़ाए :** बता दें कि खजूर सेहत के लिए काफी फायदेमंद फल होता है। ये शरीर में इम्यूनिटी बूस्ट करता है। इसे खाने से कई बीमारियों से बचाव होता है। इसमें फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, जिंक, विटामिन-बी6, ए और के, आयरन और कई एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होता है। इसे खाकर मोटापा कम करने में मदद मिलती है। ये तनाव से राहत देता है। शरीर में सूजन की समस्या से निपटने में भी ये लाभदायक है।

इन दिनों जयपुर के खजूर काफी फेमस हो रहे है, जो चारदीवारी बाजार में स्थित है। यहां जौहरी बाजार फ्रूट मंडी में खास तौर से खजूर मिल रहे है। आमतौर पर आपने खजूर की दुकान पर दो या तीन तरह की वैरायटी देखी होगी मगर इस दुकान पर खजूर की कुल 28 वैरायटी उपलब्ध है। इन दिनों रमजान का महीना चल रहा है। रमजान का महीना मुसलमानों के लिए काफी अहम है। बाजार में हर तरह के खाने पीने का सामान मिल रहा है, जिसे चाव से लोग खरीद भी रहे है। वहीं इन दिनों खजूर की भी काफी मांग हो रही है, जिससे रोजा खोला जाता है। मुस्लिम समुदाय के लिए खजूर काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसको खाकर ही रोजा खोला जाता है।

बता दें कि इन दिनों जयपुर के खजूर काफी फेमस हो रहे है, जो चारदीवारी बाजार में स्थित है। यहां जौहरी बाजार फ्रूट मंडी में खास तौर से खजूर मिल रहे है। आमतौर पर आपने खजूर की दुकान पर दो या तीन तरह की वैरायटी देखी होगी मगर इस दुकान पर खजूर की कुल 28 वैरायटी उपलब्ध है। ये सभी वैरायटी के खजूर देश नहीं बल्कि दुनिया के अलग अलग मुल्कों से मंगाए गए है। ये खजूर सऊदी अरब, ईरान, इराक और मोरक्को से मंगवाए गए हैं।

वहीं विदेशों से आए इन खास खजूरों को खरीदने के लिए दुकान पर भारी भीड़ भी उमड़ रही है। खजूर की इतनी वैरायटी देखकर लोग भी बेहद हैरान है साथ ही चाव से इन्हें खरीद भी रहे है। इन खजूरों को खासतौर से सिर्फ रमजान के महीने के लिए ही अलग अलग देशों से मंगाया जाता है।

बाजार में ये खजूर आते है, जो दुनिया के काफी कीमती खजूर की सूची में भी शामिल है। बाजार में मिलने वाले खजूरों की कीमत 65 रुपये किलो से लेकर 1500 रुपये किलो तक है। इसमें वो खजूर भी दुकानों पर उपलब्ध है जो आमतौर पर भारत में उपलब्ध नहीं होते है।

बाजार में 28 किस्म के खजूर मिल रहे है। यहां मिलने वाले खजूर में डेगलेट नूर, मेडजूल, बरही, खदरावई, हल्लवी, मोरक्को, बरही, खदरावई, कीमिया, जहिदी, बरारी, कलमी, रब्बी, अंबर, मास्यिामी, जायजी, फरद, अरिनो, सईद, रॉयल काउन, अल्मदिना, महरूम, सफाफी, मैटजोत, मजाफाती, आलूखजूर, फावा खान, ईरानी खजूर उपलब्ध हैं। इन खजूरों का स्वाद एक दूसरे से काफी अलग है, जिस कारण ये लोगों की पसंद बने हुए है। सिर्फ यही नहीं इनका स्वाद, रंग, कीमत भी एक दूसरे से अलग है।

# तलवंडी राणा रोड को टुकड़ों में बांटकर सरकार कर रही ग्रामीणों के साथ धोखा : एडवोकेट ओपी कोहली

### बोले- अधूरा रोड देने की बजाय 5.2 कि.मी. का पूरा रोड दिया जाए



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** तलवंडी राणा चंडीगढ़ हाईवे पर तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के धरने को 14 महीने पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार ग्रामीणों के साथ छलावा और धोखा कर रही है। सरकार ने ग्रामीणों को मात्र 2.2 कि.मी. का रोड देकर उसे पहले वाले ही रोड में मिला दिया है जो कि हवाई अड्डे की पट्टी में आ चुका है और उसकी जमीन एक्वायर हो चुकी है। कुछ दिनों बाद ही यह रोड भी उखाड़ दिया जाएगा और ग्रामीणों के सामने पहले जैसी ही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सरकार करोड़ों रुपये खर्च करके रोड बनाती है और बाद में उसे उखाड़ देती है फिर ऐसे रोड बनाने का मतलब केवल करोड़ों रुपये पैसे की बर्बादी है। पहले जब ग्रामीण दो वर्ष पूर्व 34 दिन तक धरने पर बैठे थे तो तत्कालीन उप मुख्यमंत्री द्वारा यह पता होते हुए भी कि जो रोड ग्रामीणों को दी जा रही है वह हवाई अड्डे की जमीन में है वह सरकार द्वारा ग्रामीणों को दे दी गई और उस पर करोड़ों रुपये खर्च करके रोड बनवा दिया लेकिन थोड़े समय बाद ही एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने उसे उखाड़ दिया। सर्वप्रथम तो सरकार को ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए एयरपोर्ट की बाहरी दीवार के साथ-साथ धांसू गैस प्लांट तक का 5.2 कि.मी. का रोड देना चाहिए था जिसकी ग्रामीण शुरू से ही मांग करते आ रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी बरवाला हलके में एक जनसभा के दौरान एक माह में ग्रामीणों को रोड देने का वादा किया था लेकिन उन्होंने भी अपना वादा नहीं निभाया।

कोहली ने बताया कि अब सरकार ने 2.2 कि.मी. का रोड देकर औचारिकता पूरी कर दी है क्योंकि जिस पुराने रोड से इस रोड को मिलाया गया है वह एयरपोर्ट पट्टी में आ चुका है और उसे एक्वायर किया जा चुका है। कुछ समय बाद ही उसे भी उखाड़ दिया जाएगा। तलवंडी राणा माइनर को शिफ्ट करने का ड्राफ्ट बनाया जा चुका है। इस प्रकार से सरकार ने न केवल केवल ग्रामीणों के साथ धोखा किया है बल्कि करोड़ों रुपये की बर्बादी भी की जा रही हे क्योंकि उस रोड के टूट जाने और संपर्क कट जाने के बाद वर्तमान 2.2 किमी के टुकड़े का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। एडवोकेट ओ.पी. कोहल ने बताया कि इस रोड को पार्ट-1 और पार्ट-2 दो भागों में बांटने का कोई तुक नहीं था। 2.2 कि.मी. की सड़क तो बना दी गई है लेकिन अभी तक बाकी के पार्ट-2 की 3 किमी रोड की फाइल भी तैयार नहीं की गई है। हमारी शुरू से ही 5.2 कि.मी. रोड दिए जाने की जाने की मांग थी जिसका प्रस्ताव व नक्शा इत्यादि भी विभाग व सरकार को उपलब्ध करवा दिया गया था लेकिन सरकार ने ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान करने की बजाय उल्टी गंगा पहाड़ चढ़ाने व हमारे साथ धोखा करने काम किया है। सरकार जानबूझ कर ग्रामीणों की अनदेखी कर रही है और हमें प्रताड़ित कर रही है।

कोहली ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार में हमें अधूरा रोड देने की बताय पूरा 5.2 कि.मी. का रोड बनाकर दे जो 2.2 कि.मी. का रोड अभी शुरू किया गया है उसका औचित्य तभी बनता है जब उसे आगे के धांसु गैस प्लांट तक 3 कि.मी. का रोड बनाकर उसके साथ जोड़ा जाए और ग्रामीणों की समस्या का स्थाई समाधान हो तथा सरकार का भी बार-बार करोड़ों रुपया बर्बाद होने से बचे व लोगों के भी पेट्रोल, डीजल व समय की बर्बादी रुक सके।

# कुछ देर के लिए ही सही कश्मीर-सी ठंडक देगा ये फेस पैक, फेंके नहीं खीरे का छिलका

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

क्या आप भी खीरे के छिलके को कूड़े में फेंकती हैं? तो अब ये गलती न करें! आप खीरे के छिलके को स्किन केयर के लिए यूज कर सकती हैं। खीरे का छिलका आपकी त्वचा पर कमाल का असर दिखाता है। यह एक स्किन टॉनिक के रूप में काम करता है और गर्मी में आपकी त्वचा को कश्मीर-सी ठंडक का अहसास कराता है। खीरे का छिलका त्वचा पर लगाने से यह आपकी स्किन को गहराई से हाइड्रेड करता है। आज हम आपको खीरे के छिलके से एक अमेजिंग फेसपैक बनना सिखा रहे हैं। जो गर्मी के मौसम में आपके चेहरे को ठंडक भी देगा और ग्लो भी।

**खीरे के छिलके से फेस पैक बनाने की विधि**

सबसे पहले, खीरे को धो लें और छील लें। आपके पास छिलके पहले से मौजूद हैं तो उन्हें यूज करें। खीरे में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यही कारण है कि यह एक एंटी रिंकल कंपाउंड की तरह यूज किया जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन-सी और फोलिक एसिड होता है, जो स्किन को नैचरल ग्लो देते हैं। ये सनटैन से भी छुटकारा दिलाता है। यानी इसके उपयोग से गर्मी में आपकी त्वचा हर समय खिली-खिली और फ्रेश रहेगी।

**खीरे का छिलका ऐसे करें उपयोग**

आप सबसे पहले खीरे के छिलके को मिक्सी में पीस लें और इसे एक अलग बाउल में निकाल लें। अब इसमें 2 चम्मच शहद डालें। दोनों इंग्रीडियंट्स को अच्छी तरह मिलाएं। दोस्तों आप चाहें तो आंखों की सूजन को कम करने के लिए भी ठंडे खीरे के छिलके का यूज उपयोग कर सकते हैं। जब दोनों इंग्रीडियंट्स मिक्स हो जाएं तो इसे सेट होने के लिए फ्रिज में रख दें। कम से कम 15 से 20 मिनट के लिए इसे फ्रिज में रखा रहने दें। फेसपैक तैयार है, अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं। फिर अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

**सेंसेटिव स्किन के लिए वरदान है**



खीरे की सबसे अच्छी बात यह है कि ये सेंसिटिव स्किन वालों के लिए भी परफेक्ट रहता है। खीरे का फेस पैक समर्स के लिए बहुत अच्छा आइडिया रहेगा।

ये आपकी स्किन को ठंडक पहुंचाएगा
स्किन पोर्स को साफ रखेगा
त्वचा में नमी रखेगा
त्वचा को ग्लोइंग बनाएगा
स्किन सेल्स को डैमेज से बचाएगा
टैनिंग और सनबर्न नहीं होने देगा

**डार्क सर्कल्स को दूर करे**

खीरे के पीस काटकर आप भी अपनी पलकों पर रखती हैं तो आप जानती हैं कि ये आंखों को किस तरह तनावमुक्त करता है। इसी तरह इससे तैयार फेस पैक को आप आंखों के नीचे लगाकर डार्क सर्कल्स को भी दूर कर सकती हैं। डार्क सर्कल दूर करने में यह फेस पैक कमाल का असर करता है। इसे लगाने से बस कुछ ही दिनों में आपकी आंखों के आस-पास की त्वचा से काले घेरे एकदम गायब हो जाएंगे।

**टैनिंग दूर करे**

गर्मी के मौसम में टैनिंग एक आम समस्या है। जबकि खीरे के छिलके से बना फेस पैक आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखता है और मेलेनिन के उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसलिए टैनिंग दूर करने के लिए भी आप खीरे के छिलकों से बने इस फेस पैक का उपयोग कर सकती हैं। आप जब भी इस फेस पैक का उपयोग करें तो इसे चेहरे के साथ ही गर्दन पर भी जरूर लगाएं। क्योंकि गर्मी के मौसम में धूप और पसीने के कारण गर्दन की त्वचा काली पड़ जाती है। साथ ही इसमें जलन और खुजली भी हो सकती है। इस समस्या से बचाने में खीरे के छिलके से बना यह फेस पैक बहुत अधिक प्रभावी है।

# गर्मी में इन 4 बीमारियों का रहता है अधिक खतरा, जानिए क्या हैं

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

गर्मी का मौसम कई लोगों को बेहद पसंद होता है। इस मौसम आपको ठंडा- ठंडा खाने को मिलता है। एसी या कूलर की ठंडी हवा में एकदम ताजगी महसूस होती है। लेकिन क्या आप जानते यह गर्मी का मौसम जितना मजा देता है उतनी ही बीमारियों का अंबार साथ लेकर आता है।

जी हां, गर्मी के मौसम में थोड़ी सी भी लापरवाही आपकी जान भी ले सकती है। तो आइए जानते हैं इस मौसम में किस तरह की बीमारियां हो सकती है-

1. गर्मी के मौसम में आपको हीट स्ट्रोक यानि लू लगने की समस्या हो सकती है। दिनभर धूप में अधिक घूमने से भी लू लग सकती है। इसमें आपको कमजोरी, सिरदर्द, बुखार, पाचनतंत्र बिगड़ जाना जैसी समस्याएं उत्पन्न होने लगती है।

2. कई लोग अक्सर ये सोच कर पानी नहीं पीते हैं कि उन्हें प्यास नहीं लग रही है। लेकिन ऐसी गलती बिल्कुल भी नहीं करें। जी हां, शरीर में डीहाईड्रेशन की कमी से आपको कुछ भी हो सकता है। स्थिति बिगड़ने पर ग्लूकोज की बॉटल चढ़ाना पड़ सकती है। इसलिए ध्यान रहे प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीते रहें। दिन में एक बार ग्लूकोज का पानी भी पी लें।

3. फूड प्वॉजनिंग की समस्या गर्मी में सबसे



अधिक और सबसे जल्दी होती है। इसलिए कभी देर रात में खाना नहीं खाएं। कभी भी रात का भोजन सुबह नहीं करें, बाहर का खाने से परहेज करें। अस्वस्थ्य लगने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

4. गर्मी में सनबर्न की समस्या से आपकी स्किन जल जाती है। लाल रेशेज पड़ने लगते हैं। इसलिए आप सन स्क्रिन क्रीम लगाकर निकलें या हाथ और मुंह कंवर करके निकलें। जिससे आपको कोई परेशानी नहीं होगी।

# प्रखर राष्ट्रवादी कवि शिरोमणी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

एक लेखक या कवि, बड़ा या महान कैसे होता है? इसके साथ ही अहम सवाल यह है कि उसने अपने समय और आसपास के साथ कितना न्याय किया है? देशकाल और परिस्थिति के भीतर बाहर आदमी को देखने का उसका नजरिया क्या है? यह चीजों को पदार्थों की तरह छूता है या उनमें उन तत्वों को पकड़ता है, जो मनुष्य और उसकी दुनिया को आगे ब ते हुए सुंदर बनाने में सहायक होते हैं। नदियां, पहाड़, खेत, मैदान उसके लिए मात्र प्राकृतिक उपादान है या ये कविता के जन्म के समय सोहर गाने वाले स्वर हैं, जो कविता को दीर्घजीवी मूल्य प्रदान करते हैं। भाषा उसके लिए मात्र अभिव्यक्ति होती है या उसके जरिए वह युग के गलत को बदलने का मौसम तलाशता है? ऐसे अनेक प्रश्न कालजयी कवि माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में उत्तर बटोरते हुए नजर आते हैं। उनके सभी उत्तर प्रकृति के बीच बड़े होकर अपना बयान देते हैं।



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीयवादी कविता के प्रमुख कवि माने जाते हैं। उनकी पत्रकारिता स्वाधीनता आंदोलन की प्रखर उद्घोषक रही हैं। इन दो पक्षों ने आम जनता की दृष्टि से उनके नाटक, निबंध, संस्मरण और लघु कथात्मक स्मरणों को ओझल ही रखा, रचनाधर्मी साहित्यकार का संपूर्ण रचना संसार उसके साहित्य व्यक्तित्व को उद्घाटित करता है। उसे खंडों में बांटने से मूल चेतना का स्वर दबा-दबा सा लगने लगता है। रचना संसार के चहचहाते पक्षी, कल कल का नाद करती प्रवाहित प्रेम सरिता, जीवन को सार्थक करती उसकी कर्म चिंता, उसके घर परिवार के बच्चों को जीवंत स्वर घने हरेभरे जंगल की पगडंडी सी उसकी कामनारेखा का अनुभव तब तक नहीं होता ,जब तक यह न जान ले कि चेतना किस रुप और किस नाम से उसके मानस केंद्र में अचल स्थापित है। केंद्रीय चेतना की अचलता या चलता जीवन की दिशा और महत्व को निश्चित करती है। माखनलाल चतुर्वेदी का संपूर्ण साहित्य लगभग पांच हजार किताबी पृष्ठों में प्रकाशित हो सका, उनके अग्रलेखों और सम्पादकीय टिप्पणियों के अलावा उनकी प्रखर राष्ट्रीय दृष्टि भविष्य का संकेत देती वर्तमान को सहेजती राष्ट को अपनी ललकार से जगाती कर्मवीर की सामग्री, ज्वालापुंज सी अनुभव होती है।

एक भारतीय आत्मा. के जीवन की माखनलाल चतुर्वेदी चक्र परिधि न केवल भारत बल्कि संपूर्ण मानवता ही रही है। उस चक्र के केंद्रीय स्थान से अनेक कालखंड निकलकर वक्र के संपूर्ण व्यास को अपनी जकड़ में ले लेते हैं। ऐसा ही कुछ माखनलाला चतुर्वेदी के साथ था, देश की स्वतंत्रता, स्वाधीनता और स्वराज सुराज उनके जीवन चक्र का केंद्र था, पत्रकारिता, निबंध, संस्मरण, कहानी, तो उसके कालखंड थे। यदि माखनलाल चतुर्वेदी के उद्देश्य केंद्र को समझा जा सके संकेतों में उनके संपूर्ण साहित्य को हमारी मनः स्थिति के रंग बदल सकती है।

*कर्म है अपना जीवन प्राण*
*कर्म में बसते हैं भगवान।*
*कर्म है मातृ भूमि का मान*
*कर्म पर आओ हो बलिदान*

राष्ट्रीयता वा राष्ट्रवाद विवादों के घेरे में रहा है और अभी हैं। राष्ट्रवाद की जो संकुचित मानवता विरोधी, बीभत्स कवि, भारतीयों ने अंग्रेजी शासन काल में देखा अनुभव की, उसने चतुर्वेदी जी को विवश किया कि राष्ट्रीयता को हम वैसे परिभाषित न करें जैसे अंग्रेज अपनी राष्ट्रीयता को करते रहे और सिखाने का प्रयत्न करते रहे। यूरोपीय लोगों के नजर में राष्ट्रीयता का वही अर्थ है कि उनके देश की सीमा में जितने लोग जन्मे पले बड़े हुए उन्ही की सुख सविधा का ध्यान रखना उनकी राष्ट्रीयता की पहली पहचान है। अपने देश के बाहर वे चाहें तो अन्य देश को गुलाम बनाएं, वहां की जनता को गरीबी, भूखमरी से मरने को बाध्य करें, उनकी संस्कृति को नष्ट करें। माखनलाल जी ने तिलक और गांधी जैसे उत्रृणतुल्य देशभक्त, मनीषियों के संपर्क में भारतीय संस्कृति के मर्म को छू लिया। तिलक, गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आदि क्रांतिदृष्टा महान व्यक्तियों के संस्मरण चतुर्वेदी जी ने उस आत्मीयता से लिखे जो उन आत्माओं में अपनी आत्मा की एक रुपता महसूस करने के बाद ही लेखनी में उतरते हैं। आजादी के दीवानों और सामजिक विचारकों में उनका नाम विस्मय पर गंभीरता से लिया जाने लगा था। उन्हें तब कर्मवीर भी कहा जाने लगा था, ठीक ऐसे ही मध्य प्रांत में हिंदी साहित्य और कांग्रेस का नेतृत्व युवा माखनलाल जी को अपना उत्तराधिकार सौंपने लगा था।

माखनलाल जी का संपादक और पत्रकार मानव और समाज की सेवा निष्काम भाव से करता रहता है, उसे प्रशंसा और प्रसिद्धी की चाह नहीं होती, सम्मान अपने पांव चलकर आए तो वह उसका सत्कार करता है। उसे पाने के तिकड़मी गलियारों की राह पकड़ना तो दूर उनका पता जानने की भी कोशिश नही करता, वह अट्टालिका पत्थर होने की सार्थकता पाना चाहता है और यदि उसे अनायास किसी अच्छे स्थान पर लगा दिया जाए तो शिल्पी का विनम्र आभार मानता है। जैसे मनस्वी माखनलाल जी ने कहा था मैं वह पत्थर हूं जिसे शिल्पियों ने अयोग्य समझकर अलग कर दिया था किंतु सुंदर पत्थरों की कमी पड़ गई तो सर्वोत्त्म स्थान पर ला दिया, आज जरूरत है कि हर पत्रकार और पत्रकारिता का इच्छुक हर व्यक्ति अपने में माखनलाल जी के विमल, विनम्र, सुविज्ञ, सुदृण, लोकसेवी, प्रचार परान्मुखी, सजग और संवेदनशील पत्रकार की खोज करें और न मिले तो वैसा बनने का संकल्प लें।

**सुरेश सिंह बैस (शाश्वत)**

# सुभाष बराला ने हरियाणा से नव-निर्वाचित राज्यसभा सांसद के तौर पर ली शपथ

## गत 20 फरवरी को निर्विरोध हुए थे निर्वाचित, केंद्र सरकार ने आज जारी की नोटिफिकेशन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 3 अप्रैल :** आज देश के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा 13 विभिन्न राज्यों से गत फरवरी माह में निर्वाचित कुल 50 राज्यसभा सांसदों को पद और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई जिसमें हरियाणा से निर्वाचित भाजपा के सुभाष चन्द्र (बराला) भी शामिल है।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने इस सम्बन्ध में आधिकारिक जानकारी एकत्रित कर सांझा करते हुए बताया कि आज 3 अप्रैल 2024 को ही भारत सरकार के गजट में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के अंतर्गत पड़ने वाले विधायी विभाग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना मार्फत उक्त सभी नव-निर्वाचित सासदों का कार्यकाल प्रारंभ हो गया है।

भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों की कड़ी में हरियाणा में आज 3 अप्रैल 2024 से रिक्त होने वाली एक नियमित सीट के सम्बन्ध में निर्वाचन के लिए गत फरवरी माह में प्रदेश से नामांकन भरने वाले एकमात्र उम्मीदवार भाजपा के सुभाष चन्द्र बराला को 20 फरवरी 2024 को ही इस चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नामित रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) डॉ. साकेत कुमार, जो हरियाणा कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है, द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया और उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र (इलेक्शन सर्टिफिकेट) भी प्रदान कर दिया गया था।

हेमंत ने आगे बताया कि हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रहे सुभाष बराला वर्ष अक्टूबर, 2014 से अक्टूबर, 2019 तक फतेहाबाद जिले के टोहाना विधानसभा हलके से भाजपा विधायक रहे हालांकि अक्टूबर, 2019 में वह उसी सीट से विधानसभा चुनाव हार गये थे। हालांकि उसके एक वर्ष बाद नवम्बर, 2020 में उन्हें वर्तमान मनोहर लाल के नेतृत्व वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। इस पद पर रहते हुए ही नवम्बर,2023 में उन्हें हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति का चेयरमैन भी नियुक्त किया गया था। 20 फरवरी 2024 को निर्वाचन के ही दिन बराला को भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति में भी शामिल किया गया। हरियाणा की जिस राज्यसभा सीट के लिए बराला का निर्वाचन हुआ है, उस सीट से 3 अप्रैल 2018 से बीते कल 2 अप्रैल 2024 तक भाजपा के डॉ. डी.पी. वत्स निवर्तमान सांसद रहे थे।

हालांकि हेमंत ने बताया कि बेशक बराला को गत 20 फरवरी को हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित कर दिया गया है और उन्हें आर.ओ. द्वारा निर्वाचन प्रमाण-पत्र भी प्रदान कर दिया गया था परन्तु इस सम्बन्ध में वांछित निर्वाचन नोटिफिकेशन अर्थात लोक प्रतिनिधित्व कानून,1951 की धारा 71 के अंतर्गत अधिसूचना आज 3 अप्रैल 2024 को ही केंद्र सरकार के विधायी विभाग द्वारा भारत सरकार के गजट में प्रकाशित की गयी है एवं उपरोक्त 1951 कानून की धारा 155(1) के अंतर्गत आज की तारीख से ही बराला का 6 वर्षों का राज्यसभा कार्यकाल अर्थात 3 अप्रैल 2024 से 2 अप्रैल 2030 तक प्रारंभ होगा। आज से ही बराला को राज्यसभा सांसद के तौर पर मिलने वाला वेतन-भत्ते आदि और अन्य सुविधाएं आदि मिलनी आरम्भ होंगी। एडवोकेट हेमंत ने यह भी बताया कि हरियाणा से राज्यसभा की पांच सीटें हैं जिन पर वर्तमान में नव-निर्वाचित बराला के अतिरिक्त भाजपा के ही राम चन्द्र जांगड़ा और कृष्ण लाल पंवार, कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा और निर्दलीय कार्तिक शर्मा (जिन्होंने हालांकि जून, 2022 में निर्वाचन के बाद अपना नाम बदलकर कार्तिकेय शर्मा करने बारे राज्यसभा सचिवालय को लिखकर दिया था) राज्यसभा सांसद हैं। अगर कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा, जिनका हालांकि राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल,2026 तक है, रोहतक सीट से आगामी लोकसभा आम चुनाव लड़कर जीतते है, तो उनकी राज्यसभा सदस्यता उनके निर्वाचित होने के दिन से समाप्त हो जायेगी एवं उस रिक्त सीट से शेष अवधि अर्थात क्ररीब पौने दो वर्ष के लिए उपचुनाव कराया जाएगा।

# यज्ञ-हवन विश्व कल्याण द्वारा नैतिक मूल्य पर वर्कशॉप व वैदिक हवन का आयोजन

## हवन की सुगंध व ऊष्मा तन-मन के तनाव दूर कर सूकून प्रदान करती है : अग्रवाल

### *सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है : डॉ. योगार्थी*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** यज्ञ-हवन विश्व कल्याण के सौजन्य से विनोद नगर स्थित ब्राइट फ्यूचर कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु वैदिक यज्ञ-हवन व नैतिक मूल्य पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान स्कूल के डायरेक्टर सुनिल मित्तल रहे। दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन संपन्न करवाते हुए कहा की शिक्षा के साथ संस्कार होना अति आवश्यक है संस्कारवान व्यक्ति ही अपने सकारात्मक व्यवहार से स्वयं को बेहतर इंसान व राष्ट्र के श्रेष्ठ निर्माण में सहभागी बन सकता है। सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हवन में बोले जाने मंत्रों से ज्ञान की वृद्धि होती है, साथ ही इसकी सुगंध व ऊष्मा मन व तन के तनाव और थकान दूर कर सूकून प्रदान करती है। वैज्ञानिक दृष्टि से हवन वातावरण में फैले रोगाणुओं व विषाणुओं को नष्ट करता है। हवन से उत्पन्न होने वाली गैसों व ऊर्जा से प्रकृति का संरक्षण होता है तथा पेड़ पौधों के पनपने में सहायक होकर पर्यावरण शुद्धि का कार्य करता है।

# दिल्ली में किसान नेता दिलबाग हुड्डा लुदास को मिला किसान योद्धा सम्मान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी दिल्ली कार्यालय में भाकियू (अं) प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लूदास को हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया के द्वारा किसान आंदोलन से लेकर के पूरे हरियाणा राज्य में उनकी इकाई और मुख्य रूप से अपने जिला हिसार एवं विधानसभा क्षेत्र नलवा में किसानों और आम जन मानस की मूलभूत समस्याओं और मांगों के लिए दिन रात एक कर पूरा करवाने का काम लगातार करते आ रहे हैं। जिसको देखते हुए उन्हें किसान योद्धा का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनके साथ उनकी टीम को भी किसान योद्धा के प्रमाण पत्र से नवाजा गया, जिसमें रामबीर ढांडा, सत्यवीर पूनिया, विजय जागलान, हवा सिंह हिन्दवान, रणबीर फौजी, जगबीर, अमर सिंह श्योराण भी शामिल रहे। सम्मान देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान कांग्रेस सुखपाल सिंह खैरा, अखिलेश शुक्ला उपाध्यक्ष अखिल भारत किसान कांग्रेस, पूर्व मंत्री सोमवीर तोमर और आनंद दहिया मोजूद थे।

# ऋचा गुप्ता ने एवरेस्ट बेस कैम्प पर झंडा फहरा कर किया प्रदेश का नाम रोशन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** हिसार की बेटी ऋचा गुप्ता ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट बेस कैम्प पर तिरंगा झंडा फहरा कर न केवल हिसार का पूरे राष्ट्र का नाम प्रकाशमान किया है। पिता हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व माता डॉ. प्रतिमा गुप्ता व दादी अपनी बिटिया पर इस साहसिक कार्य पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। कुल सपूत जान्यो परै, लखी शुभ लक्षण गात, होनहार बिरवान के होत चिकने पात। इस लोकक्ति को बिटिया ऋचा ने चरितार्थ कर दिखाया है।1982 में हिसार में जन्मी प्रारम्भिक शिक्षा विद्या देवी जिंदल स्कूल व कैम्पस स्कूल में हुई। वे बचपन से ही बहुत ही मेधावी और साहसी रही है। उनकी यश पताका पूरे देश मे फहराएगी इसके लक्षण उनमें बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। उन्होंने कम्प्यूटर इंजनरिंग की शिक्षा भिवानी से प्राप्त की। एमबीए जमशेदपुर से की। 2008 में वे परिणय सूत्र में बंध गई। आज कल वे अमेरिका के न्यूजर्सी सिटी में अपने पति के साथ निवास कर रही है। शहर की जनता भी अपनी बेटी पर गर्व की अनुभूति कर रही है।

# विज्डम स्कूल में हवन के साथ नव शिक्षा सत्र का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** आई. सी. एस. ई. मान्यता प्राप्त विज्डम स्कूल में हवन मंत्रोच्चारण के साथ नए शिक्षा सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक श्री हरिपाल पिलानिया व मुख्य अध्यापिका श्रीमती नीलम पिलानिया यजमान के रूप में उपस्थित रहे। सभी अध्यापक गणों ने भी हवन कुंड में आहुति डाली तथा आरती-अर्चना के साथ यज्ञ का समापन किया व 2 अप्रैल से प्रारंभ नए वर्ष में विद्यालय की उन्नति, सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य व सभी के कुशल मंगल की कामना की। विद्यालय संस्थापक श्री हरिपाल पिलानिया ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता को उत्तम तभी बनाया जा सकता है जब बच्चों के कौशल विकास पर बल दिया जाए तथा शिक्षक गणों को सत्रारंभ से ही एक सतत प्रक्रिया के साथ बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# पैलेडियम में नए शैक्षणिक सत्र के आरम्भ पर हवन का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** पैलेडियम स्कूल में बच्चों के सत्र के पहले दिन को खास बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई। सत्र की शुरुआत के साथ ही हम नवीनतम शिक्षा प्रणाली, उत्कृष्ट संसाधन और प्रेरणादायक शिक्षकों के साथ एक नई यात्रा पर निकल रहे हैं। सत्र का प्रारंभ पारंपरिक अंदाज में हवन करवाकर किया गया जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुति डाली। पहले दिन स्कूल में बच्चे नई वर्दी, कॉपी किताबों के साथ हॅंसते -मुस्कराते हुए पहुॅंचे। बच्चों में ने ई कक्षा में जाने की खुशी अलग ही दिखाई दे रही थी। बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों को टाइम टेबल की जानकारी दी एवं नए पाठ्यक्रम से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती निशी भटनागर ने कहा कि इस सत्र के दौरान, हमारा प्रमुख ध्येय होगा विद्यार्थियों को संपूर्ण रूप से विकसित करने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित माहौल प्रदान करना। हम संगीत, कला, खेल, और विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए नवाचार और क्रियाशीलता को प्रोत्साहित करेंगे।

# योगेश शर्मा बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े युवा समाजसेवी एवं पूर्व जिला खेल प्रकोष्ठ सह संयोजक भाजपा योगेश शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। बरवाला विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले योगेश शर्मा के साथ युवा वर्ग का खासा जुड़ाव है। उन्हें यह नियुक्ति दिए जाने पर योगेश शर्मा ने भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ , भाजयुमो जिला अध्यक्ष हर्ष बामल व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया। योगेश शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व भाजपा खेल प्रकोष्ठ के सह संयोजक थे। अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से ही की है। वे पार्टी की विचारधारा से सदैव प्रभावित रहे हैं और सदैव संगठन हित में कार्य करते रहे हैं। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने पर उन्होंने कहा कि वे इस जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा, मेहनत व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। शीर्ष नेतृत्व को जो भी आदेश व निर्णय होगी उसी अनुसार निःस्वार्थ भाव से देश व पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। योगेश शर्मा ने युवा मोर्चा के अन्य सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को भी अपनी तरफ से बधाई व शुभकामनाएं दीं और कहा कि सभी मिलकर इन लोकसभा चुनावों में हिसार लोकसभा सीट को लाखों वोटों से जिताने का काम करेंगे।

# प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में बोरिया समाज ने रात्रि जागरण, हवन व भंडारे का किया आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। इसी के चलते बोरिया समाज के हजारों श्रद्धालु आराधना व पूजा-पाठ के लिए मंदिर में पहुंचे। चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी, अष्टमी व नवमी पर बोरिया समाज ने विशेष आयोजन किए। रात्रि जागरण करके मां चण्डके व अन्य देवी-देवताओं का गुणगान किया गया। इसी कड़ी में विशेष पूजा-पाठ, मां चण्डके की आराधना, हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोरिया समाज के प्रधान गोपीराम खेदड़, दिलीप सिंह, रतन सिंह व बंसीलाल सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया बोरिया समाज की मां चण्डके देवी मंदिर के प्रति गहरी आस्था व समर्पण भाव है। यहां मां चण्डके देवी मंदिर में बोरिया समाज ने चबूतरे की स्थापना भी की हुई है। समाज से जुड़ी किसी समस्या या विवाद का समाधान इसी चबूतरे पर मौजिज लोगों की मौजूदगी में किया जाता है। उन्होंने बताया कि रात्रि जागरण, हवन व भंडारे के दौरान पूर्व मंत्री प्रो. छतरपाल, सरपंच दर्शन मास्टर, पूर्व सरपंच सुंदर, जयवीर सिंह व बोरिया समाज से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यगण काफी संख्या में मौजूद रहे। मां चण्डके देवी सेवा समिति ने सभी भक्तों का सम्मान व सत्कार किया। जगदीश तायल ने बताया कि प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर गांव पाबड़ा के प्राकृतिक वातावरण में तालाब के किनारे बना हुआ है। यहां मां अन्नपूर्णा, श्री लक्ष्मी-नारायण, श्री राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, संतोषी माता, वीर हनुमान, शनिदेव एवं शिव-पार्वती सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से भी समय-समय पर भक्तगण पहुंचते हैं।

**Name Change**

I, Pinky W/o Sanjay Sangwan R/o H. No. 280, Sector-13, Hisar declare that I have changed my name from Pinky to Pinky Sangwan for future purpose.

- Deponent








जापानी चौखट व जंगले ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं

हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404

JBS ENTERPRISES

सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार

डॉ. बलबीर सैनी

B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)

चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ

बलबीर हस्पताल

पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार

✆ 92156-88573


**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

# 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को कांग्रेस से उधार लेने पड़े उम्मीदवार : अभय सिंह चौटाला

## इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने हिसार में ली कार्यकर्ताओं की बैठक




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी और प्रदेश के सभी 10 सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। वो बुधवार को राजगढ़ रोड स्थित मनवार बैंक्विट हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इनेलो प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश का किसान सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहा है। एक तरफ सरकार सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने के दावे कर रही है लेकिन दूसरी तरफ किसान जब मण्डियों में सरसों लेकर जा रहे हैं तो उनकी फसल को नहीं खरीदा जा रहा। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए अभय चौटाला ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने में भाजपा पूरी तरह नाकाम रही है। स्थाई रोजगार की बजाय भाजपा ने कौशल निगम बनाकर युवाओं के शोषण के लिए अलग से विभाग खोल रखा है। इनेलो के सत्ता में आते ही इसे खत्म कर युवाओं को पक्की नौकरी देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में अपनी हार को देखकर बौखलाए भाजपा के नेता ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को जेल का डर दिखाकर जबरदस्तर भाजपा में शामिल करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को आज अपने उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे है। ऐसे में उसे कांग्रेस से आए उधार के नेताओं को टिकट देनी पड़ी है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए इनेलो के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जोर-शोर से पार्टियों की नीतियों को जनता के बीच ले जाने और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा सीट सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों पर इनेलो मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। आज प्रदेश की जनता इनेलो को तीसरे विकल्प के तौर पर देख रही है। प्रदेश में इनेलो का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। जेजेपी, भाजपा और कांग्रेस छोड़कर लोग इनेलो में आ रहे हैं। प्रदेश में जेजेपी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग रास्ता भटककर जेजेपी में चले गए थे। ऐसे लोगों को वे कहना चाहेंगे कि अभी देर नहीं हुई, वे घर वापसी कर चौधरी देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करें।

बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, प्रदेश महासचिव राजेश गोदारा, राज सिंह मोर, चत्तर सिंह स्याहड़वा, हनुमान भादू, जिला प्रभारी भूपेंद्र दरियापुर, डा. श्रीराम, जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय, जिला शहरी प्रधान विजय जैन, राजीव राजा, रमा जाखड़, अन्नू सूरा, प्रदीप बाजिया, बलराज सभ्रवाल, राजू तलवंडी, जितेंद्र श्योराण, विकास श्योराण व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ सहित सैंकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आर्य समाज, मॉडल टाउन में हवन-यज्ञ से वेद कथा शुरु

## *मानव जाति के कल्याण के लिए वेद पढ़ना-पढ़ाना चाहिए : डॉ. पुनीत आचार्य*




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** आर्य समाज, मॉडल टाउन में आज हवन-यज्ञ से वेद कथा का शुभारंभ किया गया। हवन में अभिषेक भाटिया, विद्यासागर खन्ना, गौरव व रमेश कुमार मुखीजा सपत्नीक यजमान रहे। यज्ञ के ब्रह्मा एवं मंच का संचालन आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने किया। यजमानों ने व उपस्थित लोगों ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। हवन उपरांत आर्य समाज, मॉडल टाऊन के प्रधान सेठ जगदीश प्रसाद आर्य ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सत्संग सभा का आयोजन किया गया। बिजनौर से पधारे पंडित मोहित शास्त्री ने ईश्वर का गुणगान किया कर, कष्ट और क्लेश मिटाने को.... भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेरठ से पधारे डॉ. पुनीत आचार्य ने प्रवचन देते हुए कहा कि वेद संसार भर की मानव जाति के कल्याण के लिए है, इसीलिए वेद को पढना-पढ़ाना चाहिए, वेद को सुनना-सुनाना चाहिए। वेद के अनुसार ही हे आर्यों आचरण अपना बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा समस्त ज्ञान तब फलीभूत होता है, जब मनुष्य उसके अनुसार आचरण बनाता है। आओ अपने आचरण को पवित्र करें। इस अवसर पर पवन रावलवासिया, गंगादत्त अहलावत, वीरेन्द्र आर्य, रामपाल आर्य, आनन्द गर्ग, मांगेराम आर्य, तहसीलदार महावीर आर्य, राज वर्मा एडवोकेट, रामकुमार कुमार आर्य, निर्मला, सविता, सिम्मी काठपाल, शशिकलां आर्या, वीना वासुदेवा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि 6 अप्रैल तक रोजाना प्रातः 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक भजन व प्रवचन होंगे। 7 अप्रैल को कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भजन-प्रवचन होंगे। उसके बाद ऋषिभोज दिया जाएगा।

# सेंट मेरिज स्कूल में हवन के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** तोशाम रोड स्थित सेंट मेरिज स्कूल के नए सत्र का शुभारंभ बुधवार को हवन के साथ किया गया। विद्यालय के संस्कृत विभाग के शिक्षक श्रीमान् योगेश शास्त्री जी ने सनातन संस्कृति के अनुरूप वैदिक विधि-विधान से हवन किया। उन्होंने बच्चों का हवन का महत्त्व बताते हुए कहा कि हवन का सभी प्राणियों के जीवन में बहुत महत्त्व है। इससे न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है अपितु आत्मिक शुद्धता भी होती है। इस विशेष अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शैली मेहता, उप प्रधानाचार्या श्रीमती अनु ओबराय, शिक्षक वृंद, विद्यार्थियों और सभी कर्मचारियों ने हवन पूजन कर संपूर्ण वसुधा के कल्याण की कामना की। हवन समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की शिक्षा, उनके उत्तम स्वास्थ्य और श्रेष्ठ भविष्य की कामना करना है। प्रधानाचार्या श्रीमती शैली मेहता ने नए सत्र पर सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि यह नया आरंभ एक नई यात्रा का आगाज है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनथक मेहनत करने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए कहा। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ हवन में भाग लिया। आरती के साथ हवन का समापन हुआ।

# अपराधियों द्वारा भरे बाजार में फायरिंग करके 20 लाख़ रूपये की रंगदारी मांगना बहुत बड़ा चिन्ता का विषय है : राहुल गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश युवा प्रभारी राहुल गर्ग ने मिलगेट स्थित श्री गणेश मेडिकल स्टोर के मलिक मदन मोहन बंसल व सचिन बंसल के यहां फायरिंग करके 20 लाख रुपए रंगदारी मांगने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए गंभीर चिंता प्रकट की और सरकार व पुलिस प्रशासन से अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करके सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वह अपने साथियों सहित मौके पर पहुंच कर व्यापारियों से मिले और व्यापार मंडल के प्रान्तीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की पीड़ित व्यापारी से फोन पर बात कराई। बजरंग गर्ग ने पीड़ित व्यापारी को अश्वासन दिया कि पूरा व्यापार मंडल उनके साथ खड़ा है और बजरंग गर्ग ने मौके पर पुलिस उच्च अधिकारी से टेलीफोन पर बात की और उपराधियों को तुरन्त गिरफतार करने को कहा। राहुल गर्ग ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रही। आज हर रोज प्रदेश में अपराधियों द्वारा व्यापारी व आम जनता के साथ लूटपाट, फिरौती, हत्या, अपहरण, चोरी की वारदातें की जा रही है। आज व्यापारी अपने व्यापार व जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से भयभीत है। आज अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है की भरे बाजार में फायरिंग करके 20 लाख रूपये की रंगदारी मांगना बहुत बड़ा चिन्ता का विषय है। राहुल गर्ग ने कहा कि हरियाणा में लगातार अपराधियों के द्वारा दुकानों पर फायरिंग करके व्यापारियों से रूपए की फिरौती व मंथली मांगी जा रही है। सरकार व्यापारी व आम जनता की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। हरियाणा आज क्राईम का अड्डा बन चुका है। देश में क्राईम के मामले में हरियाणा अव्वल स्थान पर है। हरियाणा में हर रोज वारदात होने से यह साफ सिद्ध होता है कि अपराधी भय मुक्त होकर लूटपाट, फिरौती, हत्या व गोली कांड कर रहे है और सरकार अपराध पर अंकुश लगाने की बजाएं सिर्फ आंख मूंद कर तमाशा देख रही है जो बहुत बड़ा चिंता का विषय है। इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी मदन मोहन बंसल व सचिन बंसल, सोनू लंकेश, सुबे सिंह पहलवान, व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, अमन शर्मा, अखिल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी ने किया सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने का स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** आम आदमी पार्टी ने पार्टी सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने का स्वागत किया है। पार्टी ने कहा है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पार्टी सांसद संजय सिंह को जमानत देते हुए यह स्पष्ट किया है कि अब तक जांच में उनके खिलाफ कोई सबूत या पैसे के लेन-देन का मामला नहीं पाया गया। पार्टी के डाबड़ा चौक स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने सांसद संजय सिंह को जमानत दिए जाने का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सातरोडिया, डॉ. सीपी गुप्ता, भीमसिंह महेशवाल, उमेश शर्मा, रामनाथ धुवारिया, अशोक शर्मा, जतिन शर्मा, सीताराम नलवा, रेनू चहल, उजाला महेश्वरी, सीताराम, जोगेन्द्र लाडवा, सुभाष किरमारा, कमल सोलंकी, दलीप सिंह, पिरथी सिंह, जोगीराम पंघाल, राजबीर पंघाल, बलराम, कृष्ण कुमार व महेन्द्र सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# संजय कायत बने भाजपा कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाए जाने पर संजय कायत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश संयोजक रेनू बाला गुप्ता, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, महामंत्री आशीष जोशी, अशोक सैनी, सचिव रमेश मिर्जापुर का आभार प्रकट किया है। संजय कायत इससे पूर्व जिला सचिव, जिला महामंत्री एस.सी. मोर्चा व संयोजक पुष्प कमल अभियान के दायित्व को भी बखूबी निभा चुके हैं और हरियाणा कला परिषद में भी मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं तथा पार्टी की नीतियों को आगे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और कला एवं संस्कृति को बढ़ाने में अग्रसर रहते हैं। उन्होंने कहा कि जो विश्वास पार्टी ने उन पर जताया है उसे वे पूरी निष्ठा एवं मेहनत से पूरा करेंगे तथा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को बढ़ाएंगे।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 अप्रैल :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी, हिसार के निर्देशानुसार मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर आज मताधिकार के प्रयोग के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर नलवा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नं 91 के बीएलओ सुरेश कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मताधिकार के बारे में अपने अपने गांवों में आस पास के लोगों के अंदर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। हमें भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कहा कि आगामी चुनावों में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत बनाना हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहा कि मतदान की ताकत हमें हमारे संविधान से मिलती है, यह सभी भारतीय नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। सभी को मतदान जरूर करना चाहिए।






प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।


